A REPORT ON NIRDHAN JAN SEWA CAMP ORGANISED AT SANT GADGE JALASHAY PARK, RATAN KHAND LUCKNOW ON 26TH NOV 2023

भावना के निर्धन-जन सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत,दिनांक 26-11-2023 को आयोजित,प्रथम शीतकालीन सहायता शिविर की संक्षिप्त रिपोर्ट ।

भावना के निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ तथा अनौपचारिक शिक्षा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में प्रथम शीतकालीन सहायता शिविर का आयोजन दिनांक 26-11-2023 (रविवार) को भावना के अनौपचारिक शिक्षण केन्द्र,संत गाडगे जलाशय पार्क रतन खंड,शारदा नगर में प्रातः11बजे से आयोजित किया गया।

शिविर में अनौपचारिक शिक्षण केंद्र में पढ़ने वाले 48 विद्यार्थियों को,यूनीफॉर्म,केंद्र के आचार्य व शिक्षिका को विशेष गिफ़्ट पैकेट तथा विद्यार्थियों के अभिभावकों एवं आस पास रहने वाले निर्धन एवं ज़रूरतमंदों को 30 अदद नए ऊनी कंबल वितरित किये गए। इस अवसर पर बच्चों को अपने मातापिता, गुरुजन व अन्य बड़े जनों का आदर करनेऔर मन लगा कर विद्यार्जन करके अच्छे नागरिक बनने हेतु प्रेरित भी किया गया।

उपरोक्त के अतिरिक्त भावना के अन्य शुभेच्छु सदस्यों, श्री रमेश प्रसाद जायसवाल ने फ्रूटी तथा मंच, श्री तुंग नाथ कनौजिया ने बिस्कुट पैकेट तथा श्री तिलक कुमार मनोचा ने पेंसिल बॉक्स तथा पेंसिलसेट, बच्चों में वितरित करवाये जिसके लिए भावना उनका आभार प्रकट करती है।सभी बच्चे गिफ़्ट पाकर प्रमुदित व उल्लसित हुए।

शिविर में श्री प्रभात किरण चौरसिया संयोजक निर्धन जन सेवा,श्री सतपाल सिंह,महासचिव एडवोकेसी,श्री जगमोहन लाल जायसवाल,महासचिव कार्यान्वयन, श्री तुंग नाथ कनौजिया उपाध्यक्ष प्रथम,श्री अमर नाथ प्रधान संपादक भावना संदेश,श्री राजदेव स्वर्णकार, श्री आदित्य प्रकाश सिंह,श्री सुनील कुमार उप्रेती, श्री तिलक कुमार मनोचा, श्री सुरेन्द्र नाथ श्रीवास्त ,श्री वी के कपूर,आचार्य चंद्र भूषण तिवारी,बीनू शुक्ला, कामाक्षी गौतम, आचार्य अयोध्या प्रसाद तथा अन्य अनेक स्थानीय निवासी व भद्रजन उपस्थित रहे।

- प्रभात किरण चौरसिया

संयोजक

निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ

- सतपाल सिंह

महासचिव (एड.)